# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/377 दिनांक : 07.09.2026

## विज्ञप्ति

शैक्षिक सत्र 2024–2025 एवं उससे पूर्व प्रविष्ट छात्र/छात्राओं के विषम सेमेस्टर मुख्य/बैक/सेमेस्टर बैक परीक्षा फार्म निम्नलिखित समय सारणी के अनुसार भरवाये जायेंगे। परीक्षा फार्म वेबलिंक https://ccsuniversityweb.in/ExamForm/ExamFormLinks.aspx के माध्यम से भरवाये जायेंगे।

| क्र0सं0 | परीक्षा फार्म भरने सम्बन्धी कार्य | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | महाविद्यालयों/विभागों द्वारा विषय/कोर्स चयन करने की तिथि | 08.09.2026–12.09.2026 |
| 2 | ऑनलाईन पोर्टल पर परीक्षा फार्म भरने की प्रारम्भिक तिथि | 13.09.2026 |
| 3 | छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि– | 26.09.2026 |
| 4 | विलम्ब शुल्क रूपये 250/– के साथ परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 28.09.2026 |
| 5 | विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 30.09.2026 |
| 6 | महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल पर परीक्षा फार्म ऑनलाइन सत्यापन (कन्फर्म) करने की अन्तिम तिथि– | 03.10.2026 |
| 7 | महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा नॉमिनल रोल (NR) सहित परीक्षा फार्म (NR के क्रमानुसार) विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि– | 05.10.2026 |

1. शैक्षिक सत्र 2025–26 में प्रविष्ट छात्र जिनके प्रथम सेमेस्टर परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरवाये गये थे, के प्रथम सेमेस्टर बैक एवं तृतीय सेमेस्टर मुख्य परीक्षा फार्म भरने की विज्ञप्ति अलग से निर्गत की जायेगी।
2. शैक्षिक सत्र 2026–27 में प्रवेश लेने वाले छात्रों के प्रथम सेमेस्टर परीक्षा फार्म के सम्बन्ध में भी अलग से विज्ञप्ति निर्गत की जायेगी।
3. उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-707 दिनांक 30.06.2026 के माध्यम से निर्गत शैक्षणिक कैलेण्डर 2026–27 के आलोक में परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 19.08.2026 के मद संख्या–6 में आंतरिक/प्रयोगात्मक परीक्षायें दिनांक 30.10.2026 तक सम्पन्न कराते हुए दिनांक 06.11.2026 तक अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।
4. ऐसे छात्र/छात्रा जिनके आंतरिक/प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक ऑनलाईन पोर्टल पर दिनांक 06.11.2026 तक प्राप्त नहीं होंगे, के परीक्षा प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किये जायेंगे।
5. विषम सेमेस्टर परीक्षायें दिनांक 12.11.2026 से आयोजित होंगी।
6. आवश्यकतानुसार विभाग/महाविद्यालय अतिरिक्त कक्षायें चलाते हुए पठन–पाठन पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षायें ससमय आयोजित हो सकें।

महाविद्यालय/विभागों/छात्र/छात्राओं से अनुरोध है कि परीक्षा फार्म भरने से पूर्व समस्त नियमों का ध्यान पूर्वक अवलोकन सुनिश्चित करें।

07/9

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)/समन्वयक रिजल्ट सेल/प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ।
6. प्रभारी–अतिगोपनीय विभाग/कमेटी सैल/बी0एड0 सैल/व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
7. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत समस्त एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
9. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।

07/09/26

उप कुलसचिव (परीक्षा)